मनमोहिनी वन (शांतिवन) दिनांक:२० से २४ जुलाई२०१८ के दौरान युवा प्रभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की रिट्रीट का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन बारिश के खुशनुमा मौसम में दिनांक २० जुलाई सायं ६ बजे ग्लोबल ऑडिटोरियम मनमोहिनी कॉम्पलेक्स मे भ्राता निर्वैरजी (सेक्रेटरी जनरल ब्रम्हाकुमारी), भ्राता पवनकुमार बंशल (पूर्व रेल मंत्री) बी.के चंद्रिकाबहन (उपाध्यक्ष युवा प्रभाग) भ्राता श्याम सिंघ राजपुरोहित (राज्य डिरेकटर नहेरु युवा केंद्र संगठन) इत्यादि द्वारा सम्पन हुआ।

भारत भर से पधारे २५० से अधिक प्रोफेशनल युवा भाई बहनने भाग लिया। पधारे हुए महानुभावोने युवाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि सारे संसार की नजर भारत पर है और भारत के हर व्यक्ति की नजर युवा पर है । युवा पुरे विश्व की काया पलट कर सकता है ,कल की कला कृति बना सकते है। युवाओ को प्रेरित करते हुए कहा क़ि वे मन की बीमारी से दूर रहे वह अपनी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक शक्ति को रचनात्मक कार्य में लगाए। सभी युवा भाई बहन ज्ञान वर्षा के साथ साथ पानी की वर्षा व अरावली पहाड़ियों के रिमझिम मौसम का आनंद ले रहे थे। और स्वयं को कल का शिल्पकार बनाने के लिए कटिबद्ध बन रहे थे।

youthwing@bkivv.rog